Title: Re: Development of water sports zone of the Rajghat dam areas situated near Madhya Pradesh and Uttar Pradesh borders.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): संसदीय क्षेत्र गुना के अंतर्गत जिला अशोक नगर की तहसील चंदेरी तथा उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की सीमा पर राजघाट बाँध स्थित है जो बेतवा नदी पर बनाया गया है और यहाँ के क्षेत्रवासियों की निरंतर मांग है कि इसे वाटर स्पोर्ट्स जोन के रूप में विकसित किया जाए। 3400 एकड़ में बना यह बाँध मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित है और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कई स्थल जैसे प्राचीन चंदेरी नगरी, झाँसी और ओरछा का प्रसिद्ध राम मंदिर बाँध से कुछ ही दूरी पर है और हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते है। इसी कारण इस बाँध का पर्यटन और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से महत्त्व बढ़ जाता है। मेरा सरकार से निवेदन है कि राजघाट बाँध पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जल शक्ति मंत्रालय द्वारा बेतवा नदी बोर्ड को आवश्यक निर्देश दिए जाएं कि इस बाँध के वाटर स्पोर्ट्स जोन नें पैरासेलिंग, जेट स्की, फ्लो बोर्डिंग, मोटर बोट, पैडल बोट, नौका क्रीड़ा, बनाना राइड, ट्री हाउस, वाटर पोलो, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट जैसे खेलों के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो जिससे नागरिकों और युवाओं को जल क्रीड़ाओं का आनंद प्राप्त हो और पर्यटन को बढ़ावा मिलने के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास और युवाओं को रोज़गार के अवसर मिलें।